हिंदी दैनिक खबर
हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

**अनमोल वचन**

कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती,ये सच है, कहानी नहीं होती। डर को अपने रास्ते से हटाओ,और मंज़िल को गले लगाओ।

शनिवार 18 अप्रैल 2026 बर्ष 02 अंक 105 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

# बिहारशरीफ मंडल कारा में तड़के छापेमारी

## भारी पुलिस बल की मौजूदगी से हड़कंप, मुख्यमंत्री के एक्शन मोड का असर

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार में नई सरकार के गठन के महज दो दिन बाद ही मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के श्एक्शन मोडश का असर अब प्रशासन की सक्रियता में दिखने लगा है। इसी कड़ी में शुक्रवार की अहले सुबह नालंदा जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने बिहारशरीफ मंडल कारा में औचक छापेमारी कर जेल प्रशासन और बंदियों के बीच हड़कंप मचा दिया। जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी के निर्देश पर शुरू हुई इस कार्रवाई के लिए भारी संख्या में पुलिस बल का उपयोग किया गया। जेल परिसर में यह कार्रवाई उस वक्त शुरू हुई जब सुबह के ठीक चार बजे बंदी अपने—अपने वार्ड में सो रहे थे। उसी समय जिले के वरीय अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस की टुकड़ियां जेल के भीतर दाखिल हुई और एक—एक वार्ड की बारीकी से तलाशी लेनी शुरू कर दी। अचानक हुई इस दस्तक से जेल कर्मियों में भी अफरा—तफरी का माहौल बन गया। लगभग तीन घंटे तक चली इस कवायद के बीच करीब साढ़े छह बजे स्वयं डीएम और एसपी भी मंडल कारा पहुंचे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा—निर्देश दिए। लगभग 20 मिनट तक जेल के भीतर रहने के बाद दोनों शीर्ष अधिकारी वहां से रवाना हो गए। इस छापेमारी के बाद जब मीडिया ने बरामदगी को लेकर अधिकारियों से सवाल किए, तो उन्होंने फिलहाल कुछ भी बोलने से परहेज किया और सीधे अपनी गाड़ी में बैठकर निकल गए।




हालांकि, आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, करीब 100 से अधिक पुलिस जवानों की मौजूदगी में चली इस सघन तलाशी के दौरान जेल के भीतर से कोई भी आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ है। वर्तमान में इस मंडल कारा में सवा नौ सौ के करीब बंदी बंद हैं, जिनकी सुरक्षा और जेल के भीतर की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के उद्देश्य से यह ऑपरेशन चलाया गया था। छापेमारी अभियान की व्यापकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें एडीएम, सदर एसडीओ, अपर पुलिस अधीक्षक समेत साइबर, लॉ एंड ऑर्डर, हेडक्वार्टर और सुरक्षा डीएसपी जैसे कई वरीय अधिकारी शामिल थे। साथ ही दीपनगर, बिहार, लहेरी और नालंदा समेत कई थानों की पुलिस और पुलिस लाइन के जवानों को भी इसमें तैनात किया गया था। अधिकारी और जवान चार बड़ी बसों और एक दर्जन से अधिक छोटी गाड़ियों के काफिले के साथ जेल पहुंचे थे। प्रशासन की इस अचानक हुई कार्रवाई को राज्य में कानून—व्यवस्था की सख्ती से जोड़कर देखा जा रहा है।

# 13वीं सीनियर नेशनल रग्बी सेवन्स चौंपियनशिप 2026

## ओड़िशा को चौंपियन का खिताब, बिहार की बेटियां बनीं उप विजेता ,बंगाल तीसरे स्थान पर

**केशववाणी रानी सिन्हा/शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पटना/राजगीर।** 16 और 17 अप्रैल को राजगीर खेल अकादमी में आयोजित सीनियर नेशनल रग्बी सेवन्स चौंपियनशिप 2026 के महिला वर्ग के रोमांचक फाइनल में बिहार को 27– 0 से हराकर ओड़िशा बना चौंपियन, बिहार को उप विजेता का खिताब ,बंगाल रहा तीसरे स्थान पर। पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, पूर्व खेल मंत्री श्री सुरेन्द्र मेहता तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री रवीन्द्रण शंकरण , रग्बी इंडिया के अध्यक्ष श्री राहुल बोस तथा बिहार रग्बी संघ के सचिव श्री पंकज ज्योति ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी देकर उन्हें प्रोत्साहित किया। फाइनल में ओडिशा और बिहार के बीच लगातार तीसरा फाइनल मुका. बला हुआ, जिससे महिलाओं के कॉम्पिटिशन में उनका दबदबा दिखा। ओडिशा की शानदार परफॉर्मेंस में निर्मल्या राउत ने लीड किया, जिन्होंने तीन ट्राई में 15 पॉइंट बनाए, जबकि तारुलता नाइक ने दो ट्राई में 10 पॉइंट जोड़े। पारबती हंसदा ने भी स्कोर किया, जिससे ओडिशा महिलाओं के लिए छह साल में एक बड़ी जीत और तीसरा नेशनल टाइटल पक्का हो गया। इससे पहले, पश्चिम बंगाल ने तीसरे स्थान के प्लेऑफ में दिल्ली पर 26—0 से जीत के साथ ब्रॉन्ज़ मेडल हासिल किया। रिया आ. `रांव (7 पॉइंट्स), रीमा ओरांव (5 पॉइंट्स), नमिस्ता ओरांव (5 पॉइंट्स), और संध्या राय (9 पॉइंट्स) सभी ने मिलकर टीम के शानदार प्रदर्शन में योगदान दिया। नॉकआउट फेज़ पहले दिन कप प्री—क्वार्टरफाइनल से शुरू हुआ, जिसमें राजस्थान, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, ओडिशा, दिल्ली, केरल, पंजाब और बिहार ने शानदार जीत हासिल की। दूसरे दिन, क्वार्टरफाइनल में शानदार प्रदर्शन और करीबी मुकाबले देखने को मिले। पश्चिम बंगाल ने राजस्थान पर 43—0 की शानदार जीत के साथ राउंड के सबसे शानदार नतीजों में से एक दिया, जबकि ओडिशा ने महाराष्ट्र के खिलाफ 41—0 की जीत के साथ अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखा।




राउंड के सबसे करीबी मुकाबले में, दिल्ली ने 0—10 से पिछड़ने के बाद केरल को एक कड़े मुकाबले में 12—10 से हराया, जिसमें दबाव में भी उन्होंने हिम्मत दिखाई। घरेलू सपोर्ट के दम पर बिहार ने पंजाब पर 34—0 की मजबूत जीत के साथ अपनी लय बनाए रखी और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।सेमी—फ़ाइनल में, ओडिशा ने वेस्ट बंगाल को 31—7 से हराया, जबकि बिहार ने दिल्ली को 33—7 से हराया, जिससे दोनों बड़ी टीमों के बीच एक और फ़ाइनल हुआ। लगातार तीन फ़ाइनल में ओडिशा और बिहार की मौजूदगी नेशनल लेवल पर महिलाओं के कॉम्पिटिशन में उनकी लगातार जीत और दबदबे को दिखाती है। टूर्नामेंट में टॉप टीमों का शानदार अटैकिंग आ. उटपुट भी देखने को मिला, जिसमें ओडिशा 235 पॉइंट्स के साथ सबसे ज़्यादा स्कोर करने वाली टीम रही, उसके बाद वेस्ट बंगाल 229 पॉइंट्स के साथ और बिहार 227 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर रहा। टॉप स्कोरर के लिए हुए कड़े मुकाबले में, वेस्ट बंगाल की संध्या राय 57 पॉइंट्स (पांच ट्राई और 16 कन्वर्ज़न) के साथ टॉप पर रहीं। ओडिशा की तारुलता नाइक 56 पॉइंट्स (10 ट्राई और तीन कन्वर्ज़न) के साथ दूसरे नंबर पर रहीं, जबकि बिहार की आरती कुमारी 11 ट्राई में 55 पॉइंट्स के साथ टॉप तीन में रहीं। महिलाओं के कॉम्पिटिशन के खत्म होने के साथ, चौंपियनशिप राजगीर में जारी रहेगी, जिसमें पुरुषों की कैटेगरी 20—21 अप्रैल को होगी, जिससे हाई—क्वालिटी रग्बी एक्शन का एक और फेज़ शुरू होने का वादा है।









# गैस की ज्यादा खपत वाले परिवार को लेना पड़ रहा कोयला लकड़ी का सहारा, कोयला व लकड़ी की बढ़ रही डिमांड

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** उपभोक्ताओं को गैस लेने के लिए 25 दिनों का लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। इस कारण जिस परिवार में अधिक संख्या है उनको अब खाना बनाने के लिए गैस के अलावा कोयला—लकड़ी का सहारा लेना पड़ रहा है। इस कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पर्यटन स्थल राजगीर में इन दीनों शादी विवाह को लेकर गैस मिलने के आसार कम होता देख लोग कोयला व लकड़ी का सहारा ले रहे हैं। इसका सीधा असर स्थानीय बाजार और आम लोगों के जीवन पर पड़ रहा है। गैस की कमी के चलते अब लोग एक बार फिर कोयला और लकड़ी की ओर रुख करने लगे हैं। शादी—विवाह, तिलकोत्सव, जनेऊ और रिसेप्शन जैसे मांगलिक आयोजनों में पहले जहां रसोई गैस का व्यापक उपयोग होने लगा था, वहीं अब स्थिति बदलती नजर आ रही है। गैस की अनुपलब्धता के कारण आयोजक फिर से कोयले पर ही भोजन और नाश्ते की सामग्री तैयार करवा रहे हैं। इससे कोयले और लकड़ी की मांग में अचानक तेजी आ गई है। बाजार में कोयले की कीमत भी बढ़ गई है। मौजूदा समय में कोयला 800 रुपये प्रति मन(40 किलो) बिक रहा है, जबकि कुछ समय पहले इसकी कीमत 600 रुपये प्रति मन थी। इसी तरह लकड़ी की कीमत भी 350 रुपये प्रति मन (40 किलो) तक पहुंच गई है। कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद मांग में कोई कमी नहीं आई है। स्थानीय कोयला दुकानदार निर्मल द्विवेदी के अनुसार लगन के इस मौसम में कोयला और लकड़ी की बिक्री लगातार बढ़ रही है। स्थिति यह है कि दुकानदारों को हर 10—15 दिन पर नया स्टॉक मंगवाना पड़ रहा है। राजगीर में कोयला की तीन दुकान हैं। एक शहर के गिरियक रोड चौराहा पर, तो दूसरा बस स्टैंड के समीप छबिलापुर रोड और तीसरा सीवरेज रोड में है। तीनों प्रमुख दुकानों पर सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ देखी जाती है। उधर रसोई गैस उपभोक्ताओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गैस सिलेंडर की बुकिंग अब 25 दिनों के अंतराल पर ही पूरी हो पा रही है, जिससे घरेलू रसोई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कुल मिलाकर गैस संकट ने राजगीर में एक बार फिर पुराने समय की याद ताजा कर दी है, जब कोयला और लकड़ी ही रसोई के मुख्य साधन हुआ करते थे।

# लोक शिकायत निवारण में तेजी – डीएम ने 23 मामलों की सुनवाई कर कई शिकायतों का किया निष्पादन

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा 17 अप्रैल 2026 को 23 मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान कई मामलों का समाधान मौके पर ही किया गया, जबकि कुछ मामलों में संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा—निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि कुछ मामलों का निवारण सुनवाई से पूर्व ही संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा कर लिया गया था, जबकि शेष मामलों में त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। सुनवाई के दौरान मध्य विद्यालय की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने, आशा चयन में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान की राशि नहीं मिलने, रास्ता विवाद, गैर—मजरूआ जमीन से अतिक्रमण हटाने, ऑनलाइन रसीद कटवाने, शौचालय प्रोत. साहन राशि भुगतान, पक्की गली—नाली निर्माण, दिव्यांग पेंशन चालू कराने सहित कई मामलों का निष्पादन किया गया। इसके अलावा जमाबंदी सृजन, जमाबंदी सुधार, अवैध जमाबंदी, अतिक्रमण हटाने जैसे मामलों पर भी कार्रवाई करते हुए कई शिकायतों का समाधान किया गया। जमा. बंदी सृजन से जुड़े एक मामले में भूमि सुधार उप समाहर्ता, बिहारशरीफ से जांच रिपोर्ट मांगी गई। वहीं प्राथमिकी दर्ज कराने से संबंधित एक शिकायत में पुनः जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। खाता—खेसरा एवं रकवा दर्ज करने से जुड़े एक मामले की सुनवाई अगली तिथि तक के लिए स्थगित कर दी गई। फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति से संबंधित शिकायत पर भी जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। जिला. धिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लोक शिकायतों का त्वरित एवं पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को समय पर न्याय मिल सके। इस अवसर पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# सीबीएसई परीक्षा में सैनिक स्कूल नालंदा का शानदार प्रदर्शन, 100प्रतिशत रिजल्ट

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) द्वारा आयोजित शैक्षणिक सत्र 2025–26 की कक्षा 10वीं की परीक्षा में सैनिक स्कूल नालंदा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर जिले और राज्य का मान बढ़ाया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा, जिससे पूरे परिसर में खुशी और उत्सव का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस सत्र में कुल 80 छात्र–छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें सभी छात्र सफल रहे। खास बात यह रही कि 80 में से 50 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर नया रिकॉर्ड कायम किया है। इस वर्ष के टॉपर सैन्य छात्र उत्कर्ष राज रहे, जिन्होंने 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं दूसरे स्थान पर सैन्य छात्रा सनाया ने 97.40 प्रतिशत और तीसरे स्थान पर शिवम कुमार ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। चौथे स्थान पर 96.80 प्रतिशत अंक के साथ आदर्श आर्यन और शिवशंकर रहे,



जबकि निशांत कुमार ने 96.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान हासिल किया।विद्यालय के प्राचार्य कर्नल भूपेंद्र कुमार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों के कठिन परिश्रम, शिक्षकों के समर्पण और प्रशासनिक कर्मियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय अपने मूल उद्देश्य के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। इस उत्कृष्ट परिणाम से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जिले में गर्व और खुशी का माहौल है।

# पालिका मार्केट की 40 दुकानें सील, व्यापारियों में मचा हड़कंप

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** नगर परिषद द्वारा की गई बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई ने गुरुवार को पूरे शहर के व्यापारियों में हलचल मचा दी। बकाया राशि जमा नहीं करने को लेकर पालिका मार्केट की करीब चालीस दुकानों को अचानक सील कर दिया गया, जिससे न सिर्फ प्रभावित दुकानदारों बल्कि आसपास के व्यापारियों में भी भय और असमंजस की स्थिति बन गई। सूत्रों के अनुसार, नगर परिषद लंबे समय से पालिका मार्केट के दुकानदारों द्वारा बकाया किराया जमा नहीं करने और समाप्त हो चुके अनुबंध का नवीनीकरण कराने के लिए नोटिस जारी की थी। कई बार चेतावनी देने के बावजूद दज. नों दुकानदारों ने नियमों का पालन नहीं किया। इसके बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए सीलिंग की कार्रवाई को अंजाम दिया। बताया जाता है कि कुछ दुकानदार वर्षों से किराया बकाया रखे हुए थे, जिससे नगर परिषद को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा था। साथ ही कई दुकानों का लीज एग्रीमेंट भी खत्म हो चुका था, फिर भी वे बिना नवीनीकरण के व्यवसाय चला रहे थे।गुरुवार सुबह नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी पूजा माला के नेतृत्व में टीम पालिका मार्केट पहुंची। उनके साथ पुलिस बल भी मौजूद थे ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। अधिकारियों ने सूची के अनुसार एक–एक दुकान को खाली कराकर सील करना शुरू किया। इस दौरान कई दुकानदारों ने प्रशासन से मोहलत देने की मांग की। कुछ ने आरोप लगाया कि उन्हें




पर्याप्त समय नहीं दिया गया, जबकि कुछ ने आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए राहत की गुहार लगाई। हालांकि, प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया कि नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।अचानक हुई इस कार. वाई से बाजार में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। कई दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर खड़े होकर स्थिति को समझने की कोशिश करते नजर आए। प्रभावित व्यापारियों का कहना है कि तालाबंदी से उनकी रोजी–रोटी पर सीधा असर पड़ा है। व्यापारियों ने प्रशासन से बातचीत कर समाधान निकालने की मांग की। उनका कहना है कि अगर कुछ समय और दिया जाता, तो अधिकांश दुकानदार बकाया राशि जमा करने के इच्छुक हैं। नगर परिषद के अधिकारियों ने साफ तौर पर कहा है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। जिन दुकानदारों ने अभी तक बकाया नहीं चुकाया है या जिनका अनुबंध समाप्त हो चुका है, उनके खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि जो दुकानदार शीघ्र बकाया राशि जमा कर देंगे और एग्रीमेंट का नवीनीकरण करा लेंगे, उन्हें नियमानुसार राहत दी जा सकती है और उनकी दुकानें खोली जा सकती हैं। इस कार्रवाई के बाद अब बाजार के अन्य दुकानदार भी सतर्क हो गए हैं। कई लोग अपने दस्तावेजों और भुगतान की स्थिति को दुरुस्त करने में जुट गए हैं। वहीं, व्यापारियों और प्रशासन के बीच संभावित वार्ता की उम्मीद भी जताई जा रही है, ताकि कोई मध्य मार्ग निकाला जा सके।फिलहाल, पालिका मार्केट में सन्नाटा पसरा है और सील की गई दुकानों के बाहर लगे नोटिस लोगों का ध्यान खींच रहे हैं। पूरे मामले को लेकर शहर में चर्चाओं का दौर तेज है और सभी की नजरें प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हुई हैं।



# राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत आग से बचाव को लेकर किया जागरूक, सुरक्षा मनकों का पालन कर रोक सकते हैं बड़ी घटनाएं – ज्योति

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत अनुमंडल अग्निशामालय राजगीर द्वारा आग से बचाव को लेकर स्कूलों होटलों, मॉल, झुग्गी झोपड़ियां सहित अन्य सं. स्थानों में जाकर लोगों के बीच जागरूक किया गया। अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी ज्योति कुमारी ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान प्रतिदिन अलग–अलग स्थानों पर जाकर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें स्कूलों, अस्पतालों, सार्व. जनिक स्थलों पर विशेष रूप से अग्नि सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी गई। स्थानीय अस्पताल में मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से आग लगने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई, मरीजों की सुरक्षित निकासी, अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग एवं आपातक. ालीन प्रबंधन की जानकारी दी गई। साथ ही अस्पतालों का फायर सेफ्टी ऑडिट कर वहां मौजूद सुरक्षा व्यवस्थाओं का आकलन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को अग्नि सुरक्षा के विभिन्न उपायों से अवगत कराया गया तथा संभावित खतरों से बचाव के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए जा रहे हैं। यदि समय रहते सावधानी बरती जाए और सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए, तो बड़ी घटनाओं को रोका जा सकता है। कहा कि अग्नि सुरक्षा केवल विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता से ही एक सुरक्षित वातावरण का निर्माण संभव है।

# रहुई थाना क्षेत्र में महिला की मौत
## पुलिस ने शुरू की जांच, यूडी केस दर्ज

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट रहुइ (नालंदा)।** रहुई थाना क्षेत्र के सल. माबाद गांव में एक महिला की संदिग्ध परि. स्थिति में मौत होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में नालंदा पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अद्यतन कार. वाई की जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार, 17 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 6 बजे सूचना प्राप्त हुई कि सलमाबाद निवासी ललन यादव की पत्नी रूपा कुमारी (उम्र करीब 30 वर्ष) की मृत्यु हो गई है। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए रहुई थाना की पुलिस टीम सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। अनुमंडल पुलिस पदा. धिकारी (सदर–02), बिहारशरीफ ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान मृतका के मायके और ससुराल पक्ष के परिजनों, ग्रामीणों तथा इलाज करने वाले स्थानीय डॉक्टर से पूछताछ की गई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि 16 अप्रैल की रात करीब 9 बजे रूपा कुमारी की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। उनका इलाज पहले एक स्थानीय चिकित्सक के पास कराया गया, इसके बाद शिवांश नर्सिंग होम (भंडारी) और एस.एस. अस्पताल, बिहारशरीफ में इलाज हुआ। स्थिति गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया है। घटनास्थल का निरीक्षण एफएसएल टीम द्वारा भी किया गया है। मृतका के भाई के लिखित आवेदन के आधार पर रहुई थाना में यूडी कांड संख्या 05/26, दिनांक 17 अप्रैल 2026 दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आगे की विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल क्षेत्र में विधि–व्यवस्था सामान्य बताई गई है।






# प्रतिभा का सम्मान, उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम स्टूडेंट प्वाइंट विशाल सर में भव्य समारोह आयोजित

**केशववाणी रजनीश कुमार की रिपोर्ट**
**बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहारशरीफ के धनेश्वर घाट स्थित स्टूडेंट प्वाइंट कोचिंग संस्थान में आज एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के कुल 65 मेधावी छात्र–छात्राओं को संस्थान के संस्थापक विशाल सर द्वारा मोमेंटो और मेडल देकर सम्मानित किया गया। समारोह का उद्देश्य छात्रों के भीतर आत्मविश्वास जगाना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विशाल सर ने कहा कि यह सम्मान समारोह हर वर्ष आयोजित किया जाता है, ताकि छात्र–छात्राओं को उनकी मेहनत का उचित सम्मान मिल सके और वे और भी बेहतर करने के लिए प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट प्वाइंट केवल एक कोचिंग संस्थान नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जहां से निकलकर कई छात्र आज रेलवे, एसएससी, अर्धसैनिक बल, आर्मी, बीपीएससी, बिहार पुलिस, इनकम टैक्स जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। साथ ही कई छात्र डॉक्टर बनकर समाज की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य है कि यहां पढ़ने वाले बच्चे न सिर्फ अपने माता–पिता और जिले का नाम रोशन करें, बल्कि पूरे राज्य और देश में अपनी पहचान बनाएं। संस्थान में शिक्षा के साथ–साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके। स्टूडेंट प्वाइंट की एक खास पहल यह भी है कि यहां गरीब और जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क शिक्षा के साथ–साथ आवासीय सुविधा भी प्रदान की जाती है। "शिक्षा ही वह माध्यम है जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है, इस सोच के साथ संस्थान लगातार कार्य कर रहा है।कार्यक्रम में 10 वीं की छात्रा सोनम कुमारी को अंग्रेजी विषय में 90 अंक लाने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सोनम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और अभिभावकों को दिया।



वहीं पूजा कुमारी ने भी कहा कि विशाल सर के मार्गदर्शन और अपनी मेहनत के बल पर ही उन्होंने यह सफलता हासिल की। संस्थान के व्यवस्थापक मणि कुमार ने बताया कि यहां कमजोर छात्रों के लिए विशेष एक्स्ट्रा क्लास की व्यवस्था की जाती है, ताकि कोई भी छात्र पीछे न रह जाए। साथ ही डिजिटल माध्यम से पढ़ाई पर भी जोर दिया जा रहा है, जिससे छात्र आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जुड़ सकें। इस मौके पर अंकित कुमार, सोनी परवीन, मेघा रानी, सुकृति कुमारी, आशीष राज, सुमन कुमारी, खुशबू कुमारी सहित कई छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों ने अपने शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे आगे भी कड़ी मेहनत कर संस्थान और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। समारोह में मौजूद सभी लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। यह आयोजन न केवल प्रतिभाओं को सम्मान देने का मंच बना, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत भी साबित हुआ।





# नूरसराय में तीन जोड़ा पायल सहित साढ़े छह लाख नगद की हुई चोरी

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट**
**नूरसराय (नालंदा)।** स्थानीय बाजार के साहसराय ढलान पर मुहल्ले में चोरों ने भीषण चोरी का अंजाम दिया।चोरी के घटना के बाद पीड़ित सत्येंद्र चौधरी ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध स्थानीय थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया है।पीड़ित सत्येंद्र चौधरी ने बताया कि 15 अप्रैल को अपने ससुराल हरनौत में सभी परिवार गृह प्रवेश में भाग लेने के लिये गये थे।घर में सिर्फ वृद्ध मां थी।नूरसराय ट्रेनिंग जकुल के पास सब्जी व फल का दुकान है।17 अप्रैल को अहले सुबह मां घर से दुकान लगाने के लिए गयीं हुई थी। जब मैं परिवार के साथ करीब आठ बजे घर पहुंचा तो देखा घर का मेंन दरवाजा खुला हुआ है।अंदर जाने पर देखा कि गोदरेज भी खुली हुई है घर के सनी कमरों में समान बिखरा पड़ा हुआ है।गोदरेज में रखे तीन जोड़ा पायल व साढ़े छह लाख रुपये गायब थे। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर स्थानीय थाना पहुंचकर मामले की जांच में जुट गये। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि घटना का अनुसंधान किया जा रहा है।दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछ ताछ की जा रही है साथ ही दोनों के घरों में भी छापेमारी की जा रही है।

# चेरो ओपी थाना के नए थाना अध्यक्ष रोशन कुमार को चेरो पंचायत के पूर्व मुखिया राम भगवान यादव ने किया स्वागत



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोट**
**हरनौत (नालंदा)।** हरनौत के चेरो ओपी थाना के नए थाना अध्यक्ष रोशन कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिए हैं। पदभार ग्रहण करने के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवायों के द्वारा उन्हें स्वागत करने का सिलसिला इन दिनों जारी है। वही चेरो पंचायत के पूर्व मुखिया राम भगवान यादव के नेतृत्व में दर्जनों स्थानीय लोगों ने नव पदस्थापित थाना अध्यक्ष रोशन कुमार को माला पहनकर एवं बुके के देकर भव्य स्वागत किए हैं। पूर्व मुखिया राम भगवान यादव ने बताया कि इस शिष्टाचार मुलाकात का उद्देश्य नए थाना प्रभारी के साथ तालमेल स्थ. ापित करना और क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग का आश्वासन देना था। उन्होंने नए थाना प्रभारी से आग्रह किया कि क्षेत्र की समस्या के निदान में उनका सहयोग लिया जाए साथ ही उन्हें आश्वासन किया गया कि पुलिस पदाधिकारी को क्षेत्र में हर संभव मदद की जाएगी। बता दे कि इस प्रकार की मुलाकाते अक्षर ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस और स्थानीय प्रतिनिधियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने के लिए की जाती है। वही मौके पर पूर्व मुखिया राकेश पासवान,वार्ड सदस्य राजेश यादव,और नीतीश कुमार, दुलार. चंद यादव, अशोक यादव, रवि कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में पिंटू पासवान के पुत्र अमृतेश राजदीप ने 96 प्रतिशत लाकर क्षेत्र का नाम किया रोशन, दर्जनों लोगों ने दी बधाई

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोट**
**बिहारशरीफ (नालंदा)।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा दसवीं कक्षा का रिजल्ट बीते बुधवार को घोषित कर दिया गया था। कक्षा दसवीं के सीबीएसई बोर्ड के इस वर्ष की परिणाम ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मेहनत और सही मार्गदर्शन का कोई विकल्प नहीं होता है। रिजल्ट प्रकाशित होते ही छात्रों, अभिभावकों व शिक्षको के चेहरे पर संतोष और गर्व साफ झलक रहा था। वही नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के श्याम नगर गांव के निवासी पिंटू पासवान के पुत्र अमृतेश राजदीप ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक लाकर क्षेत्र नहीं बल्कि पूरे जिले में शानदार प्रदर्शन किया है।



उनके चाचा संजय पासवान ने बताया कि अमृतेश राजदीप बचपन से ही पढ़ने लिखने में बहुत मेहनती था। उनका एडमिशन पटना स्थित एक निजी प्राइवेट स्कूल में था। उन्होंने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता अमृतेश राजदीप की कड़ी मेहनत और शिक्षकों समर्पण एवं अभिभावकों का नियंत्रण सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हमारे भतीजे न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं बल्कि अच्छे संस्कार के साथ आगे बढ़ रहे हैं। घर परिवार के अलावा पूरे गांव में जश्न का माहौल है और हर कोई इस सफलता को एक नई शुरुआत के रूप में देख रहा है। दर्जनों लोगों ने अमृतेश राजदीप को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।






# NH–20 पर बड़ी कार्रवाई – पावापुरी पुलिस ने 135 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ चार तस्करों को दबोचा

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पावापुरी (नालंदा)।** जिले में शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पावापुरी थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की और चार तस्क. रों को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 17 अप्रैल 2026 को करीब 12 बजे पावापुरी थाना को सूचना मिली कि नवादा की ओर से एक सफेद रंग की हुंडई वरना कार के माध्यम से शराब की खेप पावापुरी होते हुए बेग. ूसराय ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजगीर को अवगत कराया गया, जिसके बाद एनएच–20 स्थित मह. ारानी होटल के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान गिरियक–नवादा मार्ग से आ रही संदिग्ध कार (बीआर01बीएन2764) को रोका गया। कार में चालक समेत चार लोग सवार थे। विधिवत तलाशी लेने पर वाहन से विभिन्न ब्रांड की कुल 134.625 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने कार को जब्त करते हुए सभी आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे शराब को रांची (झारखंड) से बेगूसराय ले जा रहे थे।




पुलिस ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा तस्करी के नेटवर्क के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक की जांच की जा रही है। साथ ही गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास को भी खंगाला जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इस प्रकार है अशोक प्रसाद केशरी (44 वर्ष), निवासी– खेलाड़ी, जिला रांची; मुसाफिर साह (35 वर्ष), निवासी– सोही साहपुर, जिला सारण; राधिका देवी (35 वर्ष), निवासी– मंसा सिगेर, जिला बोकारो; तथा नीलु देवी (28 वर्ष), निवासी– लालपुर, जिला रांची। बरामद शराब में शामिल हैं रॉयल चौलेंज, ब्लेंडर्स प्राइड, रॉयल स्टैग समेत अन्य ब्रांड की कुल 263 बोतलें, जिनकी कुल मात्रा 134.625 लीटर है। इस कार्रवाई में अंचल निरीक्षक सुमंत कुमार, थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिंह पी टी सी अमित कुमार, पी टी सी शिव कुमार सहित पुलिस बल के अन्य जवान शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है।

# मकान गणना का काम 2 मई से होगा शुरू

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट कतरीसराय (नालंदा)।** कतरीसराय में जनगणना को लेकर टेक नारायण+2 विद्यालय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुई। इसमें पांच पंचायतों से कुल 99 प्रगणक एवं सुपरवाइजर भाग लिए। इन प्रशिक्षुओं को जनगणना कार्य की विभिन्न पहलु की जानकारी दी जायेगी। कार्यक्रम का उद्घाटन जनगणना पदाधिकारी सह बीडीओ रजनीश कुमार ने किया। बीडीओ ने कहा कि प्रशिक्षण में गंभीरता से भाग लें। समय पर उप. स्थित होकर निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य को पूरा करें। जिला फील्ड ट्रेनर प्रिंस वर्मा एवं आलोक निरंजन द्वारा प्रशिक्षण सत्र में जनगणना की मूल अवधारणा, उद्देश्य एवं इसके महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।इसके अलावा डिजिटल माध्यम से जनगणना करने की प्रक्रिया, प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के कर्तव्य, मकान सूचीकरण ब्लॉक, परिवार एवं भवन की परिभाषा सहित विभिन्न तकनीकी बिंदुओं की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण के दौरान एचएलओ एप्लीकेशन के माध्यम से डिजिटल जनगणना की प्रक्रिया को भी विस्तार से समझाया गया। बताया गया कि इस एप्लीकेशन के उपयोग के लिए एंड्रॉयड 12 या उससे ऊपर तथा आईओएस 15 या उससे अधिक संस्करण वाले स्मार्टफोन की आवश्यकता होगी। पहले चरण में मकान गणना एवं सूचीकरण कार्य 2 मई से 31 मई तक चलेगा। वहीं स्व–गणना की प्रक्रिया 17 अप्रैल से 1 मई तक होगी। जनगणना का द्वितीय चरण फरवरी 2027 में होगा।

# छाछुबिघा में साईं बाबा का 19वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित




**केशववाणी गुड्डु कुमार की रिपोर्ट कतरीसराय (नालंदा)।** प्रखंड क्षेत्र के छाछुबिघा गांव स्थित साईं बाबा मंदिर में 19वां वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पूरे इलाके में भक्ति का माहौल बना हुआ है। शुक्रवार की सुबह कार्यक्रम की शुरुआत साईं बाबा के मंगल स्नान एवं विशेष पूजा–अर्चना के साथ हुई। इसके बाद साईं बाबा की प्रतिमा को पालकी पर विराजमान कर गाजे–बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह शोभायात्रा सैदी और छाछुबिघा गांव का भ्रमण करते हुए निकाली गई। शनिवार को भी कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रहेगी। सुबह मंगल स्नान, साईं उपासना एवं हवन किया जाएगा। इसके उपरांत शाम 4 बजे से प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। वहीं रात्रि में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए मुरारी सिंह, सत्यम भारती, बबलू सिंह, वीरेंद्र प्रसाद सहित समस्त ग्रामीण पूरे उत्साह और समर्पण के साथ जुटे हुए हैं। शाम के समय साईं भजन–कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए।

# नालंदा में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा – डीएम ने दिए सख्त निर्देश मरीजों को बेहतर सुविधा हर हाल में सुनिश्चित करने का आदेश

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने को लेकर जिला पदा. धिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि बिहार सरकार की सभी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक हर हाल में पहुंचना चाहिए। उन्होंने अस्पतालों में मरीजों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार मुफ्त भोजन उपलब्ध कराने, साफ–सफाई, पेयजल, शौचालय और बैठने जैसी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। मरीजों के परिजनों द्वारा डॉक्टरों की अनुपलब्धता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अब सदर अस्पताल से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक 24 घंटे चिकित्सकों की उप. लब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके तहत डॉक्टरों का नाम, मोबाइल नंबर और ड्यूटी रोस्टर टीवी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जा रहा है। इस व्यवस्था से शिकायतों में उल्लेखनीय कमी आई है। अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं–जैसे पैथोलॉजी जांच, एक्स–रे, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, ईसीजी, आंख जांच और सिजेरियन प्रसव–की जानकारी स्टैंडी के माध्यम से प्रदर्शित की जा रही है। इससे आम लोगों का भरोसा बढ़ा है और बड़े ऑपरेशन कराने वाले मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। जिले के अस्पतालों में अब अपेंडिक्स, हाइड्रोसील, लिपोमा, सिस्ट, हर्निया और गर्भाशय संबंधी ऑपरेशन किए जा रहे हैं। इसके साथ ही सिजेरियन प्रसव, दांत व आंखों का इलाज, एक्स–रे, अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन




और बंध्याकरण ऑपरेशन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।सदर अस्पताल, बिहारशरीफ के औचक निरीक्षण के दौरान बिचौलिया गतिविधियों में संलिप्त 7 आउटसोर्स कर्मियों और आशा कार्यकर्ताओं को बर्खास्त कर दिया गया। डीएम ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मियों से जवाब–तलब कर कड़ी कार्रवाई की जाए।अस्पतालों में रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी, दवा उपलब्धता और आउटसोर्स सेवाओं की प्रतिदिन "वन पेजर मैट्रिक्स" के जरिए निगरानी की जा रही है। मशीन खराब होने पर उसे तुरंत ठीक कराने का निर्देश दिया गया है, ताकि मरीजों को कोई असुविधा न हो। भाव्या पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन परामर्श में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डॉक्टरों–डॉ. अजित कुमार, डॉ. अशुतोष कुमार (एमएस ईएनटी), डॉ. संत कुमार, डॉ. नूतन सिन्हा और डॉ. चंदन कुमार–को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने एसएनसीयू में नवजात शिशुओं की सुरक्षा के लिए क्यूआर कोड बेल्ट के उपयोग को अनिवार्य करने, मरीजों को स्ट्रेचर सुविधा उपलब्ध कराने में वार्ड बॉय की सक्रियता बढ़ाने, गर्भवती महिलाओं को समय पर एंबुलेंस उपलब्ध कराने और मृतकों के लिए सम्मानजनक मर्चरी सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के आसपास स्वास्थ्य केंद्रों की मैपिंग कर शत–प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने, 14–15 वर्ष की किशोरियों के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान तेज करने तथा "100 डेज टीबी मुक्त अभियान" के तहत टीबी मरीजों की पहचान कर उनका इलाज सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन, डीपीएम स्वास्थ्य विभाग, डीपीओ आईसीडीएस, सीडीपीओ, सभी एमओआईसी एवं डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर का 10वीं में शानदार प्रदर्शन आकर्ष गुप्ता 98 फीसदी के साथ रहा स्कूल टॉपर

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** सीबीएसई की 10वीं बोर्ड परीक्षा में पूज्य तपस्वी श्री जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर हसनपुर राजगीर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल के छात्रों का परिणाम काफी बेहतर रहा। इससे छात्र–छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों में खुशी का माहौल है। विद्यालय के छात्र आकर्ष गुप्ता ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बना। अभिजीत कुमार ने 96.6 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा तो पुष्कर कुमार ने 96 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान पाया। इसी तरह अनिकेत कुमार, ओम कुमार, आरव राज, रीतिका राज, इशान कुमार, सर्वेश सनवारा, ब्यूटी कुमारी, सूर्यांश सिंह, अर्पिता कुमारी, रीतिका प्रसाद ने भी बेहतर अंकर लाकर अपने स्कूल का मान बढ़ाया है। इन छात्रों की सफलता ने अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का काम किया। परीक्षा में 156 छात्र–छात्राएं शामिल हुए थे। उनमें से 32 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाकर स्कूल की शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रमाणित किया है। सभी भैया–बहनों ने




अनुशासन और मेहनत के साथ परीक्षा में भाग लेकर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, जो विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। सीबीएसई सिटी को–ऑर्डिनेटर सह विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार सिन्हा ने कहा कि यह परिणाम छात्रों के लगातार मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त प्रतिफल है। उप प्राचार्य रामजी प्रसाद सिन्हा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# लोक शिकायत निवारण में तेजी– डीएम ने 23 मामलों की सुनवाई कर कई शिकायतों का किया निष्पादन

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा 17 अप्रैल 2026 को 23 मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान कई मामलों का समाधान मौके पर ही किया गया, जबकि कुछ मामलों में संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि कुछ मामलों का निवारण सुनवाई से पूर्व ही संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा कर लिया गया था, जबकि शेष मामलों में त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। सुनवाई के दौरान मध्य विद्यालय की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने, आशा चयन में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान की राशि नहीं मिलने, रास्ता विवाद, गैर–मजरूआ जमीन से अतिक्रमण हटाने, ऑनलाइन रसीद कटवाने, शौचालय प्रोत्साहन राशि भुगतान, पक्की गली–नाली निर्माण, दिव्यांग पेंशन चालू कराने सहित कई मामलों का निष्पादन किया गया।इसके अलावा जमाबंदी सृजन, जमाबंदी सुधार, अवैध जमाबंदी, अतिक्रमण हटाने जैसे मामलों पर भी कार्रवाई करते हुए कई शिकायतों का समाधान किया गया। जमाबंदी सृजन से जुड़े एक मामले में भूमि सुधार उप समाहर्ता, बिहारशरीफ से जांच रिपोर्ट मांगी गई। वहीं प्राथ. मिकी दर्ज कराने से संबंधित एक शिकायत में पुनः जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। खाता–खेसरा एवं रकवा दर्ज करने से जुड़े एक मामले की सुनवाई अगली तिथि तक के लिए स्थगित कर दी गई।फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति से संबंधित शिकायत पर भी जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार. र्वाई का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लोक शिकायतों का त्वरित एवं पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को समय पर न्याय मिल सके। इस अवसर पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

